जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

07 जून 2024

प्रेस विज्ञप्ति

दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र , जामिया मिल्लिया इस्लामिया द्वारा वर्षीय उर्दू भाषा कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित ।

दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र , जामिया मिल्लिया इस्लामिया हिंदी अथवा अंग्रेजी माध्यम से एक वर्षीय उर्दू भाषा कोर्स में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। इस कोर्स में प्रवेश पूरे वर्ष खुले रहते हैं।

प्रवेश फॉर्म और विस्तृत विवरणिका मानद निदेशक, उर्दू पत्राचार पाठ्यक्रम, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र , जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली-110025 के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए 24x12 सेमी का लिफाफा स्व-पता लिखकर भेजा जाना चाहिए और उस लिफाफे पर 10/- रुपये का डाक टिकट लगा होना चाहिए ।

प्रवेश फॉर्म जामिया मिल्लिया इस्लामिया की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है जिसका पता इस प्रकार है : https://jmi.ac.in/upload/menuupload/uccform.pdf

पाठ्यक्रम की फीस निम्नानुसार है:

- नामांकन शुल्क (भारत में) ... रु.500/-
- विदेशियों के लिए (सार्क देश) ... यूएस $ 20
- अन्य देश ... यूएस $ 50
- एक वर्षीय उर्दू भाषा कोर्स के लिए कोई ट्यूशन फीस नहीं ली जाती है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिललिया इस्लामिया